



# दो गुटों के बीच झगड़ा-फायरिंग, महिला को गोली लगी, रैफर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अगस्त।** करीब एक महीने पहले हुए विवाद के बाद सोमवार को जब दोनों पक्ष के लोगों का आमना-सामना हुआ तो दोनों के बीच गाली-गलौज और पथराव शुरू हो गया। इसी दौरान एक पक्ष की ओर से अवैध हथियारों से ताबड़तोड़ कई राउण्ड फायरिंग की गई। फायरिंग के दौरान सीने में गोली लगने से एक पक्ष की महिला जख्मी हो गई। जिसे गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है। घटना स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत लालौर रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार की सुबह होना बताई जा रही है। घटना की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार छोटी लालौर निवासी राजेन्द्र सोलंकी के भाई का पास ही रहने वाले अनिल पुत्र नबाव सोलंकी वगैरह से झगड़ा हो गया था। जिसके बाद से ही दोनों पक्षों के बीच तनातनी चल रही थी। 4 अगस्त की सुबह राजेन्द्र का पुत्र विक्की सोलंकी अपने पुत्र को स्कूल वैन में बैठाने के बाद घर जा रहा था। तभी लालौर क्रॉसिंग के पास स्थित अपने घर के बाहर खड़े अनिल सोलंकी, नवाब सोलंकी, मोनू, नीरज और चंद्रादेवी पत्नी नवाब सोलंकी ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। जब विक्की ने उन्हें गालियां देने से मना किया तो उन्होंने पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। तब तक विक्की के परिजन भी वहां पहुंच गए तो दोनों पक्ष एक-दूसरे को गालियां देने लगे। इसी दौरान अनिल, नबाव वगैरह ने अवैध हथियारों से ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली राजेन्द्र सोलंकी की पत्नी सुनीता सोलंकी के सीने में लगी, जिससे वो घायल हो गई। उसे जख्मी हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे ग्वालियर रैफर कर दिया। स्टेशन रोड थाना पुलिस ने अनिल, नबाव सोलंकी, नीरज सोलंकी, मोनू, चंद्रा देवी पत्नी नबाव के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# हर घर तिरंगा यात्रा में कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाएं : जयसिंह

**भाजपा की जिलास्तरीय बैठक में जिला प्रभारी ने कहा**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अगस्त।** भाजपा की जिलास्तरीय बैठक सोमवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसमें जिला प्रभारी जयसिंह कुशवाह मुख्य रूप से उपस्थित थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने की।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया ने बताया कि जिला प्रभारी जयसिंह कुशवाह ने बैठक में कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 10 से 14 अगस्त तक मंडल स्तर पर हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यकर्ता यात्रा के इस आयोजन में अपनी भूमिका का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें और यात्रा को सफल बनाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिला, मंडल, मोर्चा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों से हर घर तिरंगा यात्रा में अपनी भूमिका को निभाने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि 12 से 14 अगस्त तक आजादी के आंदोलन से जुड़े स्मारकों, महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक मण्डल में युद्धवीरों, शहीदों, देश की सेवा में प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिस कर्मियों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए जिला मंत्री विजय जादौन को प्रभारी बनाया गया है। बैठक में पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व विधायक रघुराज कंषाना, सूबेदार रजौधा, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, रामनरेश शर्मा, उर्मिला त्यागी, श्रीबल्लभ डण्डौतिया, महेश मिश्रा, विजय जादौन आदि उपस्थित थे।




# मनकामेश्वर महादेव मंदिर न्यास ने नि :शुल्क वितरित की पुस्तकें




**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 4 अगस्त।** कस्बा जौरा के ओमश्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर परमार्थ न्यास की ओर से सोमवार को शासकीय कन्या गढ़ी विद्यालय की छात्राओं को पुस्तकों का नि:शुल्क वितरण किया गया।

परमार्थ न्यास के ट्रस्टी संजीव सिंघल ने बताया कि शासकीय कन्या घड़ी विद्यालय में कक्षा-6, 7, 8 में अध्यनरत 150 छात्राओं को अध्यापन के लिए ओमश्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर परमार्थ न्यास की तरफ से किताबें नि:शुल्क प्रदान की गई है। इस मौके पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, डॉ. विशन गर्ग, एसके अग्रवाल, संजीव सिंघल, बनवारीलाल सिंघल, पंकज कुलश्रेष्ठ, संजय, सीमा पाराशर, सपना कुशवाह, शशि रावत आदि उपस्थित थे।

# यूपीएस से कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा पर खतरा

**ओपीएस बहाली को लेकर पीएम, सीएम को लिखा पत्र**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अगस्त।** कर्मचारियों एवं शिक्षक संगठनों ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूनिफाइड पेंशन योजना को जनविरोधी करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह योजना कर्मचारियों के भविष्य को निजी हाथों में देकर असुरक्षित बनाती है तथा पुरानी पेंशन योजना के समान सामाजिक सुरक्षा देने में विफल है।



मप्र शिक्षक संघ के निवर्तमान संभागीय अध्यक्ष और बिस्मिल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने पीएम नरेंद्र मोदी व मप्र के मुख्यमंत्री को संबोधित अनुरोध पत्र में कर्मचारियों के भविष्य की जरूरतों पर जोर दिया।

एनपीएस में बदलाव कर यूपीएस के रूप में प्रस्तुत करने के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग की है। उन्होंने कहा कि यूपीएस की अस्थिरता और बाजार जोखिम के कारण सेवानिवृति के बाद कर्मचारियों की समाजिक सुरक्षा खतरे में है, जिससे उनमें भविष्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। पत्र में डॉ. सिकरवार ने कहा है कि पुरानी पेंशन योजना जो कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति के बाद एक सुनिश्चित और सुरक्षित भविष्य प्रदान करती थी, की बहाली की जाए।

कर्मचारियों के परिजनों के हित में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जानी चाहिए। सांसदों और विधायकों को आज भी पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। कर्मचारी असुरक्षा के भाव में सेवा कर रहे हैं और अपने भविष्य के प्रति चिंतित हैं। नई पेंशन स्कीम से बहुत कम मासिक पेंशन बनती है।

जीवन भर सरकारी सेवा के बाद कर्मचारियों के लिए पेंशन ही वृद्धावस्था का सहारा होती है। उसे भी सरकार द्वारा बाजार के हवाले करने से कर्मचारियों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। देश के करोड़ों कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन बहाल की जाए।

# लक्ष्मीनारायण मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक, पार्थिव शिवलिंग पूजन

**कस्बा अंबाह की माथुर वैश्य कॉलोनी में हुआ आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 4 अगस्त।** श्रावण मास के अंतिम व चतुर्थ सोमवार के अवसर पर कस्बा अंबाह की माथुर वैश्य कॉलोनी स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पर भगवान शिव का सामूहिक रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चों सहित श्रद्धालु शामिल हुए।



महिलाओं और बच्चों ने मिलकर मिट्टी से सैकड़ों छोटे शिवलिंग बनाए, जिन्हें विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा गया और फिर उनका अभिषेक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चार और भजन कीर्तन के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल और बेलपत्र से भगवान शिव का अभिषेक किया। मंदिर परिसर में ओम नम: शिवाय की गूंज और शंखध्वनि से अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण बन गया। श्रीमती गीता राजीव गुप्ता ने बताया श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा विशेष फलदायी होती है। आयोजन में महिलाओं ने भक्ति गीत गाकर माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में सामूहिक आरती, शिव स्तुति का भी आयोजन हुआ।

# प्राकृतिक आपदा की घड़ी में कांग्रेस पीड़ितों के साथ : सत्यपाल

**अंबाह, पोरसा तहसील में बाढ़ पीड़ितों से मिले पूर्व विधायक, बांटी राहत सामग्री**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अगस्त।** चंबल नदी में आई बाढ़ ने जिले में हजारों किसानों सहित ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बर्बाद कर दिया है। प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो चुकीं है, तो वहीं बाढ़ का पानी घरों में घुसने से गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया है। संकट की इस घड़ी में कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है।



यह बात पूर्व विधायक एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू ने सोमवार को अंबाह-पोरसा तहसील के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांवों में पीड़ितों से मुलाकात के दौरान कही। पूर्व विधायक श्री सिकरवार ने सोमवार को अंबाह-पोरसा तहसीलों के ग्राम भदावली, भूपपुरा, नगरा पंचायत के मजरा साहसपुरा पहुंचें। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उन्हें राशन सामग्री का वितरण भी किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, उदयवीर सिंह सिकरवार, रामू सिंह तोमर, पूर्व जपं अध्यक्ष राजवीर सिंह तोमर, सुल्तान सिंह सिकरवार, जितेन्द्र तोमर एडवोकेट, मनीष शर्मा, विष्णु तोमर, संतोष सिंह भदौरिया, हिमांशु, शिवाकर सिंह तोमर, बॉबी तोमर, मोनू सिंह तोमर, जयवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# प्रसव में लापरवाही से नवजात की मौत, परिजन का हंगामा

**परिजन बोले ऑपरेशन के लिए बोला, नार्मल हो गया प्रसव**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अगस्त।** जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में सोमवार को प्रसव उपरांत एक नवजात शिशु की मौत हो गई। प्रसूता के परिजन ने अस्पताल के मेटरनिटी स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। उनका कहना था कि मेटरनिटी स्टाफ ने गर्भवती महिला का प्रसव कराने में लापरवाही करते हुए देरी की, जिसकी वजह से नवजात शिशु की मौत हुई है।

जानकारी के अनुसार पोरसा क्षेत्र के ग्राम सेंथरा अहीर निवासी गर्भवती रेनू कुशवाह पत्नी रामसहाय कुशवाह को प्रसव के लिए रविवार की शाम 4 बजे जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में भर्ती कराया गया था। परिजन के अनुसार मेटरनिटी स्टाफ ने शाम करीब 8 बजे ऑपरेशन से प्रसव होने की बात कही। जिसके बाद परिजन ने ऑपरेशन संबंधी औपचारिकताएं भी पूरी कर दीं। लेकिन मेटरनिटी स्टाफ ने सोमवार की सुबह तक ऑपरेशन कर प्रसव नहीं किया। सोमवार की दोपहर 1 बजे रेनू का सामान्य प्रसव हुआ। तब स्टाफ ने परिजन को मृत शिशु का जन्म होने की बात कही। जिसे सुनकर परिजन भड़क गए। उनके द्वारा मेटरनिटी स्टाफ पर प्रसव में लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। उनके द्वारा मेटरनिटी स्टाफ के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की जा रही थी। हंगामें की खबर मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन से जुड़े लोग और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने गुस्साए लोगों को समझा-बुझाकर हंगामा शांत कराया।

## शासकीय राशि के दुरुपयोग पर महेबा पंचायत सचिव निलंबित

**मुरैना, 4 अगस्त।** विगत दिवस समाचार पत्र में मनरेगा योजना के तहत वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने वाले/कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से मनरेगा योजना में गड्डे खुदवाना दिखाया जाकर राशि का आहरण किया गया। खबर के संबंध में कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव को वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिये। निर्देशों के तहत जिला सीईओ श्री भार्गव ने कैलारस जनपद की ग्राम पंचायत महबा में वास्तविक स्थिति जॉबकार्ड, निर्माण कार्य आदि का अवलोकन कराया, जिसमें पंचायत सचिव रामवीर धाकड़ की घोर लापरवाही पायी गई। इस संबंध में उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसका जबाव संतोषजनक नहीं पाये जाने पर महेबा ग्राम पंचायत सचिव रामवीर धाकड़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## दीपक बने जैसवाल जैन परिषद तीर्थ यात्रा के मुख्य संयोजक

**मुरैना/अंबाह, 4 अगस्त।** दिगम्बर जैसवाल जैन उपरोचिया परिषद दिल्ली-एनसीआर ने 2026 की वार्षिक तीर्थ यात्रा 2 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। इस यात्रा में कुल 501 श्रद्धालु भाग लेंगे। परिषद द्वारा इस वर्ष की तीर्थ यात्रा का मुख्य यात्रा संयोजक दीपक जैन गोविंदपुरी को नियुक्त किया गया है। परिषद के अध्यक्ष सुनील जैन, महामंत्री सौरभ जैन, कोषाध्यक्ष पदमचंद जैन और प्रवक्ता ऋषभ जैन ने उन्हें शुभकामनाएं दीं है। यह यात्रा दिल्ली से ट्रेन द्वारा बड़ोदरा पहुंचेंगी। यहां से बसों बसों के माध्यम से श्रद्धालु पालीताणा, पावागढ़, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी होते हुए गिरनार जी पहुंचेगी। इस दौरान श्रद्धालु नेमीनाथ भगवान की निर्वाण स्थली पर वंदना करेंगे।



## महापौर ने किया वार्ड-13 व 14 का भ्रमण, देखी सफाई व्यवस्था



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अगस्त।** नगर निगम की महापौर श्रीमती शारदा राजेन्द्र प्रसाद सोलंकी ने सोमवार को नगर निगम के वार्ड-13 एवं 14 का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को देखा। भ्रमण के दौरान उनके साथ स्वास्थ्य अधिकारी अंकित द्विवेदी, पार्षद युवराज डण्डौतिया, रमेश उपाध्याय सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती सोलंकी ने एमएस रोड पर भोज भवन के सामने एकत्रित होने वाले कचरे को अलसुबह हटवाने के निर्देश दिए। वार्ड-13 के भ्रमण के दौरान महापौर ने सफाई दरोगा एवं एसआई को साफ-सफाई का ध्यान रखने के निर्देश दिए। चौक नाले-नालियों की जल्द सफाई कराने को कहा। वार्ड-14 के भ्रमण के दौरान महापौर ने ट्रंच रोड की साफ-सफाई एवं थोक सब्जी मंडी के पास लगे गोबर के ढेर को देखकर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि गोबर फेंकने वाले पशुपालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाए। भ्रमण के दौरान महापौर ने सफाई मित्रों को प्रात:काल वार्ड में पहुंचकर सफाई व्यवस्था बनाने की बात भी कही। भ्रमण के दौरान गोविंद उपाध्याय एवं स्वच्छता के नोडल अधिकारी ऋषिकेश शर्मा भी मौजूद है।

## आम सूचना

श्रीमती सुषमा परमार पत्नी श्री अहवरन सिंह परमार के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे, ग्राम बड़ोखर, ग्राम पंचायत अम्बाह रोड से दूर, तहसील व जिला मुरैना में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.02 (महाकाल वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.222 ग्राम बड़ोखर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भूखण्ड दीगर, पश्चिम में-रास्ता 25 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड दीगर एवं दक्षिण में-भूखण्ड पंडित जी है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री अमन कुमार पुत्र श्री सूरज सिंह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री अमन कुमार द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुषमा पत्नी श्री अहवरन सिंह परमार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792019ए1819431 दिनांक 05.12.2019 से विक्रय की गई। श्रीमती सुषमा परमार द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री लोकेन्द्र पुत्र श्री कुंवर सिंह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री लोकेन्द्र द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिडला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार,फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**

# अतिक्रमण हटाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने सुनहरा रोड पर लगाए लाल निशान

**नवभारत न्यूज**

**सबलगढ़, 4 अगस्त।** सबलगढ़ सुनहरा हेड से लेकर श्रीराम मंदिर चौराहे तक वर्तमान में सीसी सड़क डाली जा रही है सड़क डालने से पूर्व नगर पालिका को इस सड़क के दोनों ओर से स्थानीय निवासियों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाना था तभी सड़क पूरी डल पाती ,लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग की घोर लापरवाही और नगर पालिका की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई न करने के कारण अब जो सड़क डाली जा रही है वह तय मानक से करीब आधी ही डाली जा रही है।

रविवार को दोपहर 02ः00 बजे पीडब्ल्यूडी विभाग इस सुनहरा रोड पर करीब 14.5 मीटर चौड़ी सड़क डालना चाहता है जिसका एस्टीमेट के अनुसार 7 मीटर चौड़ी सड़क सड़क के दोनों ओर दो-दो मीटर चौड़े शोल्डर और उसके बाद 1.8 मी का दोनों जल और निकासी के लिए नाला बनाया जाना है स्थानीय प्रशासन और



नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाये जाने के कारण यह सड़क काफी सकरी डाली जा रही है इतना ही नहीं पूर्व से बनी सड़क को खोदा भी नहीं गया है।उप ठेकेदार का कहना है कि स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाने के लिए पत्र लिखे,लेकिन किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया??।अब मुझे जितनी जगह मिली उतनी जगह पर सड़क बन रहा हूं तय समय सीमा में सड़क बनाना मेरी जिम्मेदारी है।युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक पचौरी कहना यह सड़क पूरी तरह हल्की क्वालिटी की बनाई जा रही है ,ना पूर्व की सड़क को खोदा गया है ना ही मानक अनुसार इसकी माप है, ना ही अतिक्रमण हटाया गया है अगर यह सड़क संकरी बनती है ,कमजोर बनती है ,तो इसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ेगा। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अभिनीत श्रीवास्तव कहना कि पिछले 6 माह से पदस्थ सीएमओ को कई बार फोन एवं पत्र व्यवहार किया है लेकिन नगर पालिका हटाने की कार्रवाई नहीं कर रही है पहले भी हमने अतिक्रमण को चिन्हित किया था लेकिन अब द्वारा निशान लगाए हैं नाप की है ,ताकि तय मानक अनुसार सड़क डाली जा सके।इस रोड पर भारी मात्रा में ट्रैफिक जल भराव की भी समस्या है इसलिए यहां पर्याप्त थोड़ी सड़क होना आवश्यक है।